प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 920 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू केरल दौरे के बाद आज शिमला वापिस लौटेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दोपहर बाद प्रदेश सचिवालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में कई अहम फैसले लिए जाने की संभावना है। इस दौरान बजट घोषणाओं पर मुहर भी लग सकती है। बैठक में विभिन्न विभागों के खाली पड़े पदों को भरने और विभिन्न प्रस्तावों को लेकर चर्चा की जाएगी।

एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज

एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल की एक बैठक कल बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि निगम ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान लगभग साढ़े चौरानवे करोड़ रुपये का कारोबार किया। निगम ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में 4 करोड़ 90 लाख़ रुपये का सकल लाभ और लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बागवानी मंत्री ने इस उपलब्धि के लिए निगम के प्रयासों की सराहना की।

चैत्र नवरात्र

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज अष्टांग योग की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। सौभाग्य, धन संपदा, सौंदर्य और स्त्री जनित गुणों की अधिष्ठात्री देवी महागौरी है। महाअष्टमी के पावन अवसर पर आज राजभवन शिमला में फलाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सांस्कृतिक व अध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रति राज्यपाल की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है और समाज में समर्पण व सेवा की भावना को बल प्रदान करता है। प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और लोग कन्या पूजन व देवी की स्तुति कर सुख समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना संवाददाता।

पुरस्कार

कुल्लू जिला के मनाली के शुरू गांव के युवा सुमित ठाकुर को युवा मामले व खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार रक्तदान, जन जागरूकता कार्यक्रमों,

अंगदान, युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने और कोविड काल में बेहतरीन सेवा जागरूकता कार्य के लिए प्रदान किया गया है।

<u>मनीष सरीन</u>

आम आदमी पार्टी को प्रदेश में एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन सहित कई संस्थापक सदस्यों व प्रदेश के कई पदाधिकारियों ने पार्टी में अनदेखी के चलते अपना इस्तीफा देते हुए प्राथमिक सदस्यता छोड़ने का एलान किया है।

––बाइट–मनीष सरीन––

<u>मौसम</u>

प्रदेश में आज मौसम आमतौर पर साफ है। पिछले कुछ दिनों से साफ मौसम के चलते राज्य के अधिकतम तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश में लू चलने की संभावना व्यक्त की है।

<u>अब सुर्खियां समाचार पत्रों से</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है आउटसोर्स पर 6 हजार 6 सौ 92 पद भरने की प्रक्रिया शुरू।

जाली नियुक्ति पत्र के बाद कृषि विभाग में फर्जीवाड़े का अंदेशा शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है विभाग के अधिकारी ने 22 मार्च को राज्य सतर्कता ब्यूरो को भी भेजा था पत्र।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है मटर ने मालामाल की सोलन मंडी समिति–इस सीजन 18 करोड़ से ज्यादा का कारोबार, सही दाम मिलने पर किसान भी गदगद।

दैनिक भास्कर व दैनिक जागरण की एक सुर्खी है प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रदेश को मिले एक सौ 6 करोड़ रूपए।

हिमाचल आईएएस में इंडक्ट होंगे 8 एचएएस शीर्षक से दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है इंडक्शन को लेकर बैठक 7 अप्रैल को।

............